सरकार ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप की तैयारी के लिए दुबई मेंप्रशिक्षण के लिए शीर्ष विकास तैराक आर्यन नेहरा के प्रस्ताव को मंजूरी दी

नई दिल्ली 26 मई : मिशन ओलंपिक सेल (मि०ओ०से०) ने गुरुवार को दुबई के एक्वा नेशनस्पोर्ट्स एकेडमी (एएनएसए) में भारतीय तैराक आर्यन नेहरा के प्रशिक्षण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

आर्यन, जो दिसंबर 2019 से टॉप्साडेवलपमेंट ग्रुप के एथलीट हैं , विश्व जूनियर चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं जो इस साल अगस्त में होने वाली हैं।

अहमदाबाद गुजरात केरहने वाले 18 वर्षीय आर्यन कोउनके 90 दिनों प्रशिक्षण के लिए लगभग 8.7 लाख रूपयेमंजूर किए गए हैं, जो इस महीने की शुरुआत में शुरू होगाऔर अगस्त 2022 में समाप्त होगा।

स्वीकृत राशि में उनकी हवाई यात्रा, आवास एवं खान-पान खर्च, प्रशिक्षण शुल्क, स्थानीय परिवहन केअन्य खर्चों के अलावा जेब खर्च भत्ते8 भी शामिल हैं।

आर्यन 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में माहिर है , जिसे तैराकी में सबसे कठिन आयोजनों में से एक माना जाता है। वर्ष 2017 में, मलेशियाई आयु वर्ग की स्प र्धा में, उन्होंने पांच स्वर्ण पदक जीते और तीन स्पर्धाओं में मीट रिकॉर्ड भी बनाया। 2019 में, उन्होंने दक्षिण कोरिया में विश्व चैंपियनशिप के लिए 'बी' का निशान भी हासिल किया।

ईओएम